सारण समाहरणालय, छपरा।
(जिला राजस्व शाखा)

पत्रांक 33 पउ0 /रा0, दिनांक 20/5/16

प्रेषक,

समाहर्त्ता,
सारण, छपरा।

सेवा में,

सचिव –सह– मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

विषय– **कौशल प्रशिक्षण केन्द्र हेतु प्रखण्ड मुख्यालय में सरकारी भूमि चिन्हित करने के संबंध में।**

प्रसंग– विभागीय पत्र सं0–132, दिनांक 13.05.2016

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में कहना है कि इस जिले में कुल 20 प्रखण्ड अवस्थित है, जिसमे इस कार्यालय के पत्रांक 454, दिनांक 07.05.16 के द्वारा कुल 16 प्रखण्डों के परिसर के अन्तर्गत कौशल प्रशिक्षण केन्द्र के स्थापना हेतु 1200 वर्ग फीट सरकारी भूमि चिन्हित कर प्रतिवेदन भेजा जा चुका है। पुनः प्रासंगिक पत्र के आलोक में शेष चार प्रखण्डों के लिए यथा नगरा, रिविलगंज, मकेर एवं इसुआपुर में कौशल प्रशिक्षण केन्द्र स्थापना हेतु प्रखण्ड मुख्यालय के इर्द–गिर्द प्रत्येक प्रखण्डों के लिए 1200 वर्ग फीट सरकारी भूमि चिन्हित कर ली गई है। इस प्रकार इस जिला के सभी प्रखण्डों के लिए कौशल प्रशिक्षण केन्द्र स्थापना हेतु भूमि चिन्हित कर ली गई है।

प्रतिवेदन सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

विश्वासभाजन

समाहर्त्ता
सारण, छपरा।